दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 18 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 261

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने ईद-उल-अजहा पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को ईद-उल-अजहा पर देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से मिलजुल कर काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुभकामनाएं देते हुए समाज में सद्भाव और एकता के और मजबूत होने की कामना की है। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी देशवासियों, विशेषकर देश- विदेश में रहने वाले मुस्लिम भाई-बहनों को ईद-उज-जुहा की हार्दिक शुभकामनाएं! त्याग और बलिदान का यह त्यौहार हमें अपनी खुशहाली को सबके साथ, विशेषकर जरूरतमंद लोगों के साथ, बांटने का संदेश देता है। आइए इस अवसर पर हम सब सभी देशवासियों, विशेषकर वंचित वर्गों के लोगों के हित में, मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लें। पीएम मोदी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करे। सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में जंगल की आग के कारण 1,200 लोगों को निकाला गया

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में जंगल में लगी आग तेजी से फैल रही है। इसने 12,200 एकड़ (लगभग 49.4 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके कारण कम से कम 1,200 लोगों को एक लोकप्रिय मनोरंजन स्थल से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तेज हवाओं के कारण लॉस एंजिल्स से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर में गोर्मन में दोपहर आग लगी थी। दोपहर तक आग पर दो प्रतिशत काबू पा लिया गया था। इसने अब तक दो संरचनाओं को नुकसान पहुंचाया है। कैल फायर ने एक अपडेट में चेतावनी दी कि सप्ताहांत तक तापमान में थोड़ी वृद्धि और आर्द्रता कम रहने की उम्मीद है। उसने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और आग की दिशा में बदलाव होने पर वहां से हटने के लिए तैयार रहने की अपील की। साउथ कोस्ट एयर क्वालिटी मैनेजमेंट डिस्ट्रिक्ट ने एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें धुएं से प्रभावित क्षेत्र के निवासियों से आग्रह किया गया कि वे घर के अंदर रहें या वैकल्पिक आश्रय की तलाश करें।

### सऊदी अरब में हज के दौरान 14 तीर्थयात्रियों की मौत, 17 लापता -जॉर्डन

**अम्मान।** जॉर्डन ने कहा कि सऊदी अरब में हज की रस्में अदा करने के दौरान 14 नागरिकों की मौत हो गई और 17 अन्य लापता हो गए हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सूफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन मृतकों को दफनाने या उनके परिवारों के अनुरोध पर उनके घर वापसी के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क में है। बयान के अनुसार, सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश कर रहे हैं। बयान में न तो घटना की विस्तृत जानकारी दी गई और न ही इसके कारण का खुलासा किया गया, लेकिन जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया कि हज यात्रा के दौरान जॉर्डन के छह नागिरकों की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई।

### कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश में दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिल्स ।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में एक प्लेन क्रैश हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने एक्स पर कहा कि वह लॉस एंजिल्स से करीब 55 किमी पूर्व में सैन बर्नार्डिनो काउंटी के पश्चिमी छोर पर स्थित चिनो शहर के पास लॉकहीड एल12 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना की जांच कर रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के समय का यह छोटा डबल इंजन वाला विमान दोपहर करीब 12.35 बजे चिनो एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जब आपातकालीन दल वहां पहुंचा तो विमान रनवे से उतरा हुआ मिला। रिपोर्ट के अनुसार, इस दुर्घटना में मारे गए दोनों लोग यैंक्स एयर म्यूजियम में फादर्स डे के एक कार्यक्रम के सिलसिले में गये थे।

# बंगाल रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 15, रेल मंत्री ने 10-10 लाख की आर्थिक मदद का किया ऐलान

**कोलकाता ।** आरएनएस





पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढक़र 15 हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए ट्रेन हादसे में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। इसकी घोषणा रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा, पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी; मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये और गंभीर रूप से चोटिल को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि रेलवे के एनएफआर जोन में दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है। बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पूरे तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपये और घायलों की 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

बता दें कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। न्यू जलपाईगुड़ी के रंगापानी स्टेशन के पास कंचनजंगा एक्सप्रेस पर पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई यात्रियों के घायल होने की भी खबर है।

इस हादसे पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ' दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा से एक दुखद रेल दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। स्तब्ध हूं, हालांकि पूरी जानकारी का इंतजार है, कंचनजंगा एक्सप्रेस कथित तौर पर एक मालगाड़ी से टकरा गई है। बचाव दल और मेडिकल सहायता के लिए टीमें घटनास्थल पर भेजी गई हैं। डीएम और एसपी को भी मौके पर भेजा गया है।

इस हादसे में कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन की पीछे की तीनों बोगियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एक बोगी तो दूसरी बोगी के ऊपर आकर हवा में लटक गई। वहीं दूसरी बोगी ट्रैक पर पलटी दिखाई दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं तीनों बोगियों को पहुंचा है। घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल है। बोगी में मौजूद घायल यात्री कराहते दिखाई दिए। रेस्क्यू टीम सभी को बाहर निकालकर अस्पताल भेजने में जुटी हुई है।

रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि हादसे की जांच कराई जाएगी। मालगाड़ी ट्रेन के ड्राइवर से भी पूछताछ की जाएगी। क्या कोई तकनीकी समस्या की वजह से यह हादसा हुआ, इसका भी पता लगाया जा रहा है। शुरुआती तौर पर पता चला है कि सिग्नलिंग की समस्या के कारण मालगाड़ी उसी लाइन पर चली गई थी।

इस हादसे पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,' बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें साथ मिलकर रेस्क्यू में जुटी हुई हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं रेलवे ने घायलों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। घायलों के परिजन 033-23508794, 033-23833326 पर कॉल करके मदद ले सकते हैं।

## कांग्रेस ने हिमाचल-उत्तराखंड में होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया। इसकी जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी।

उन्होंने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने आगामी विधानसभा उपचुनावों में पार्टी उम्मीदवारों के रूप में इन नामों को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा उत्तराखंड के चमोली जिले की बद्रीनाथ सीट से लखपत बुटोला को उपचुनाव में टिकट दिया गया है। वहीं, काजी निजामुद्दीन को हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट से उम्मीदवार गया बनाया है।

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश की तीनों सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की थी। भाजपा ने हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से कृष्ण लाल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक इन विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जा चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। 24 जून को मतपत्रों की जांच की जाएगी। जबकि, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। चुनाव आयोग ने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 13 जुलाई को होगी।

## भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, बेड़े में शामिल होंगी आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



भारतीय नौसेना स्पेन में 'प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)' के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निर्माता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।

नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना कार्टाजेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरुआत करेगी।

रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी। आगे बताया गया कि भारतीय नौसेना एआईपी तकनीक से सुसज्जित छह पनडुब्बियों का अधिग्रहण करेगी। इस तकनीक की मदद से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं। भारतीय नौसेना के पास इससे पहले एआईपी सिस्टम वाली पनडुब्बियां नहीं थीं। करीब 60 हजार करोड़ की इस परियोजना में एल एंड टी और नवंतिया के साथ जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड भी शामिल हैं। नवंतिया ने भारतीय नौसेना की परियोजना के लिए एस-80 पनडुब्बी के डिजायन की पेशकश की है। इनमें से एक पनडुब्बी वर्ष 2024 में स्पेनिश नौसेना में शामिल हो चुकी है। नवंतिया ने दावा किया कि स्80 की खास बात यह है कि यह बिना किसी पुनर्निमाण की आवश्यकता के पी75(आई) की तकनीक आवश्यकताओं को आसानी से पूरा करती है।

## बिहार में पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून की तैयारी, विधानसभा सत्र में आएगा प्रस्ताव

**पटना ।** आरएनएस

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय के तहत अगले साल तक प्रदेश में 5 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सुशासन के कार्यक्रम 2020-25 के तहत 15 दिसंबर 2020 से लागू सात निश्चय-2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, सचिव सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर अगले एक वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति के लिए बची हुई नौकरी एवं रोजगार देने के काम को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

बताया जाता है कि अब तक 5.16 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अगले तीन महीने के अंदर नियुक्ति पत्र वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नियुक्ति करने वाले विभिन्न आयोगों को 2.11 लाख नई नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अगले एक महीने में 2.34 लाख रिक्तियों की अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जाएगी। आगामी वर्ष में नियुक्ति के लिए 72 हजार और रिक्तियां होने का अनुमान है, जिसकी अधियाचना अगले वर्ष भेजी जाएगी।

सात निश्चय- 2 के अंतर्गत 5.16 लाख नियुक्तियां की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख नियुक्ति पत्र वितरण के लिए तैयार हैं। साथ ही 5.17 लाख रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। इस तरह कुल 12 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य वर्ष 2024-25 तक रखा गया है।

सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसे पार करते हुए अगले वर्ष तक 12 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस अभियान के तहत 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक 22 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जा चुके हैं और आने वाले एक वर्ष में 11 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे और परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता और प्रश्न पत्र लीक न हो, इसको लेकर एक सख्त कानून बनाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी विधानसभा के सत्र में लाया जाए।

## सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया, दो को लिया हिरासत में

**रांची ।** आरएनएस



झारखंड रांची के चाईबासा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गुवा थान अन्तर्ग के लीपुंगा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला समेत चार भाकपा नक्सली मारा गया है। वह घटना सोमवार सुबह की है। सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकडऩे में भी कामयाबी हासिल करने की सूचना मिल रही है। जिसमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली शामिल है। जबकि मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और एक सबजोनल कमांडर के अलावा एक महिला नक्सली भी शामिल है। घटना की पुष्टि करते हुए जिले के एसपी आशुतोष शेखर करने बताया है, कि मुठभेड़ में चार मारे गए नक्सली में 10 लाख का इनामी जॉनल कमांडर सिंगराय उर्फ मनोज,5 लाख का इनामी सब्जॉनल कमांडर कांडे होनाहगा, उर्फ दूसुन उर्फ कांडे दा, 2 लाख का इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम,महिला नक्सली जंगा पूर्ति उर्फ मेरला मारा गया है,जब कि टाइगर उर्फ पांडु हांसदा एवं बातरी देवगम को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी आशुतोष शेखर को सूचना मिली थी कि गुवा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों का जमावड़ा लगा हुआ है। इसके बाद सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में चार नक्सली मारे गये। वहीं बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। हालांकि सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ लिया है।

## पीएम मोदी आज वाराणसी में 50 हजार किसानों से करेंगे संवाद

**वाराणसी ।** आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने वाराणसी दौरे पर 50 हजार किसानों से संवाद करेंगे। भाजपा के काशी क्षेत्र के प्रमुख दिलीप पटेल ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मेहंदीगंज क्षेत्र में किसान सम्मेलन स्थल पर 21 किसानों से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे और उनके कृषि उत्पादों को भी देखेंगे। किसानों से संवाद करने से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद पीएम मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 30 हजार कृषि सखियों को सम्मानित भी करेंगे। इनमें से पूर्वी उत्तर प्रदेश की पांच महिला किसानों को वह मंच पर प्रमाणपत्र सौंपेंगे। पीएम मंगलवार दोपहर यहां पहुंचने के बाद मेहंदीगंज में किसानों की बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। बुधवार सुबह वह दिल्ली लौट जाएंगे। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। काशी क्षेत्र के भाजपा अध्यक्ष पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का हर-हर महादेव के नारे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। दूरदराज के गांवों से किसान बसों, ट्रैक्टरों और चार पहिया वाहनों से सम्मेलन में पहुंचेंगे, जबकि आसपास के इलाकों से किसान ढोल-नगाड़ों के साथ पैदल मार्च कर किसान सम्मेलन में शामिल होने आएंगे।

## दिल्लीवालों का जीवन आपके हाथ, पानी को लेकर जल मंत्री ने हरियाणा के सामने जोड़े हाथ

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

पानी की किल्लत ने दिल्ली वालों का जीना मुहाल कर दिया है। वहीं अब दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार के सामने हाथ तक जोड़ दिए है। आतिशी ने हाथ जोड़ कर हरियाणा सरकार से कहा है कि दिल्ली वालों की जीवन अब आपके हाथ में हैं।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा,'वजीराबाद बैराज से कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी भेजा जाता है। लेकिन वजीराबाद बैराज में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है जिसकी वजह से नदी का तल नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ हरियाणा सरकार से आग्रह कर सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों की समस्याओं का निदान करें। अब तक हरियाणा ने यमुना में पानी नहीं छोड़ा है। दिल्ली में पानी की किल्लत जारी है। मुनक कैनाल को काफी कम मात्रा में पानी मिल रहा है, वजीराबाद बैराज को पानी नहीं मिल रहा है। मैं सिर्फ हाथ जोड़ कर हरियाणा सरकार से अपील कर सकता हूं कि दिल्ली के लोगों की जिंदगी आपके हाथ में है।'दिल्ली में भारी जल संकट के बीच आतिशी ने वजीराबाद बैराज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। ग्राउंड जीरो पर पहुंचीं आतिशी ने बैराज में पानी नहीं छोड़े जाने पर नाखुशी जताई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोडऩे की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा,अगर पानी नहीं मिलेगा,तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोडऩा चाहिए।

बता दें कि आतिशी पहले भी आरोप लगा चुकी हैं कि हरियाणा सरकार यमुना नदी से पानी नहीं छोड़ रही है जिसकी वजह से दिल्ली में पानी की भारी किल्लत है। दिल्ली के कई इलाकों के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है कि वाटर टैंकर के पहुंचते ही लोग पानी के बर्तन लेकर टैंकरों के पीछे दौड़ रहे हैं। लोग पानी के लिए लंबी कतार लगा रहे हैं। इस बीच टैंकर माफियाओं की मनमानी को लेकर भी संग्राम मचा हुआ है। पानी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी आमने-सामने है।